सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

देहरादून/हरिद्वार 29 अगस्त, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सोमवार को भूपतवाला, हरिद्वार में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने देश एवं प्रदेश में सामाजिक कार्यों में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले कई लोगों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा की अग्रवाल समाज अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर देश सेवा और राष्ट्र की समृद्धि में अतुलनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र को बनाने में इकोनॉमी महत्वपूर्ण है, जिसमें अग्रवाल समाज बड़ी भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि महाराज अग्रसेन जैसे महापुरूषों का जीवन चरित्र भारत के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा देने में समर्थ है। हमारी हर पीढ़ी को महाराज अग्रसेन के जीवन चरित्र को समझना होगा। वे एक महान दानवीर, राष्ट्रभक्त और सच्चे समाजवाद के प्रणेता हैं, ऐसे महापुरूष जिस समाज के पूर्वज और पथ प्रदर्शक हों, निश्चित ही वह समाज भी अपने पूर्वजों के मार्ग पर चलते हुए मानवता को उच्च शिखर तक ले जाने में समर्थ हो सकता है। उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलते हुए एक महान प्रेरणादायी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल समाज लोगों की भलाई के लिए निरंतर प्रयत्न कर रहा है। महाराजा अग्रसेन जी के मानवतावादी सन्देश को जन–जन तक पहुंचाने के लिए यह संगठन निरंतर प्रयत्न कर रहा है।

राज्यपाल ने कहा की संगठन की ओर से देश में अनेकों अग्रवाल धर्मशालाएं, हॉस्पिटल, सेवा केंद्र चलाए जा रहे हैं, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक योजनाओं और गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है, बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए अनेक पुरस्कार और सम्मान प्रदान करने के साथ ही सामाजिक कुरीतियों, भेदभावों और बुराईयों के उन्मूलन के लिए कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा की बिना ईमानदारी के, चरित्र और राष्ट्र का निर्माण संभव नही है। भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह है, इस पर हम सभी को मिलकर प्रहार करना होगा तभी हम एक मजबूत राष्ट्र और विश्वगुरु बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें सेवा और कल्याण का भाव हमेशा रखना होगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह समाज हमेशा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे समाज के हित व कल्याण की बात सोचता है। हमें यह प्रेरणा महाराज अग्रसेन के सिद्धान्तों से मिली है, जिन्होंने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया तथा वे पूरी मानवता के प्रवर्तक थे।

श्री नरेश बंसल मा0 सांसद राज्यसभा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में आज वीरता व समाज की सेवा का अनोखा संगम हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के हित में हमें निरन्तर कार्य करते रहना चाहिए तथा आप समाज की जो भी सेवा करें, उसके लिये मन में अहंकार बिल्कुल भी नहीं आना चाहिए।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री गोपाल शरण गर्ग ने अग्रवाल समाज द्वारा देशभर में किये जा रहे विभिन्न जन–कल्याणकारी कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर रानीपुर विधायक श्री आदेश चौहान, जिलाधिकारी श्री विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत, सहित कई लोग और पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

..........0..........